# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी।

पत्रांक :– 1190 / वि0प्रा0 / न0नि0 / 2023–24 दिनांक :– 28/11/2023

1. अधिशासी अभियन्ता / प्रभारी अधिकारी(निर्माण)
2. प्रभारी अधिकारी(सम्पत्ति)

कृपया अवगत कराना है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी की टॉन्सपोर्ट नगर योजनान्तर्गत 04 ग्रामों क्रमशः करनाडांडी, मिल्कीचक, सरायमोहन व बैरवन में रकबा 86.219 हेक्टेयर भूमि के अर्जन हेतु शासन स्तर से धारा–4 व 6 का प्रकाशन क्रमशः दिनांक 18.12.2000 व 09.04.2001 को किया गया है, जिसमें से रकबा–82.159 हेक्टेयर भूमि का कब्जा कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0), वाराणसी के माध्यम से वाराणसी विकास प्राधिकरण को प्राप्त कराया गया।

उक्त कब्जा प्राप्त भूमि में से वर्तमान में उपलब्ध लगभग–**48.408 हेक्टेयर** भूमि पर प्रश्नगत योजनान्तर्गत यथाः– **1.** बस स्टेशन, **2.** पार्किंग, **3.** ट्रक पार्किंग, **4.** धर्मकाटा, गैरेज, **5.** बॉडी शॉप, **6.** गोदाम, **7.** तीन स्टार होटल, **8.** गेस्ट हाऊस, **9.** रेस्टोरेन्ट / ढाबा, **10.** पुलिस चौकी, **11.** फायर स्टेशन, **12.** पॉवर स्टेशन, **13.** डिस्पेन्सरी, **14.** वेडिंग जोन, **15.** कुल भूमि के क्षेत्रफल का 10 % क्षेत्रफल में ग्रुप–हाउसिंग में विकसित किया जाएगा, जिसमें 10 % HIG, 20 % MIG, 35 % LIG व 35 % EWS तथा **16.** कुल भूमि के क्षेत्रफल का 10 % Park/Green Areas एवं अन्य जन सुविधाएँ, **17.** अन्य ट्रॉन्सपोर्ट सम्बन्धी कार्य हेतु विकसित किये जाने का प्रस्ताव है।

उल्लेखनीय है कि परिचालन के माध्यम से ट्रॉन्सपोर्ट नगर योजना के ले–आउट प्लान को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी बोर्ड की स्वीकृति दिनांक 08.11.2023 को प्रदान की गयी है।

कृपया आपसे अनुरोध है कि प्राधिकरण की ट्रॉन्सपोर्ट नगर योजना से सम्बन्धित विकास कार्य (Development) कराने हेतु अग्रिम कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः– परियोजना से सम्बन्धित स्वीकृत ले–आउट।**

भवदीय,

28.11.23

(मनोज कुमार)
नगर नियोजक /
प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)